तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 1 दिसम्बर 2025

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

2 कार्रवाई के अभाव में धान खरीदी केंद्र बना असामाजिक तत्वों का अड्डा



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मॉ. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

### ज्यादातर ने जताया विरोध, ग्रामीणों ने उखाड़ दिए टेंट-पंडाल, भारी गहमा गहमी के बीच हुई पर्यावरणीय सुनवाई

# कंडराजा में निजी बॉक्साइट खदान के लिए हुई जन सुनवाई, महज 112 हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा के प्रमुख पर्यटन स्थल मैनपाट में बॉक्साइट खदान खोले जाने का रविवार को जमकर विरोध हुआ। ग्राम कंडराजा में आयोजित पर्यावरणीय जनसुनवाई के दौरान विरोध स्वरुप ग्रामीणों ने टेंट पंडाल ही उखाड़ दिया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। दिनभर चले भारी विरोध के बीच प्रशासन ने जनसुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है। हैरानी की बात तो यह है कि 135 हेक्टेयर भूमि पर होने वाले बॉक्साइट उत्खनन हेतु होने वाली जनसुनवाई में महज 112 लोग ही शामिल हुए और इनमें से भी ज्यादातर ने लिखित और मौखिक रूप से अपनी असहमति जताई है। लोगों का कहना है कि खदान खुलने से मैनपाट के पर्यावरण को नुकसान होगा।

**खास बात**
- 333 एकड़ भूमि पर होगा बॉक्साइट उत्खनन, 135 हेक्टेयर भूमि दी गई निजी कंपनी को लीज पर

बता दें कि मैनपाट के ग्राम कंडराजा और उरंगा में 135.223 हेक्टेयर भूमि बॉक्साइट उत्खनन के लिए मेसर्स मां कुदरगढ़ी स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को आबंटित की गई है। कंडराजा क्षेत्र में लगभग 333 एकड़ भूमि पर बॉक्साइट उत्खनन होना है। कंपनी के लीज की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और अब महज केन्द्रीय पर्यावरण, जल एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा पर्यावरणीय जन सुनवाई रखी गई थी। रविवार को नर्मदापुर स्थित स्टेडियम ग्राउंड में बॉक्साइट खदान के लिए पर्यावरणीय जनसुनवाई आयोजित की गई लेकिन जन सुनवाई का सुबह से ही भारी विरोध देखने को मिला। सुनवाई के लिए प्रशासन द्वारा लगाए गए टेंट पंडाल को ग्रामीणों ने उखाड़ना शुरू कर दिया। इस दौरान जिपं सदस्य रतनी नाग ने भी मौके पर पहुंचकर पर्यावरणीय जन सुनवाई और खदान खोले जाने का विरोध जताया। पंडाल उखाड़ने के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को समझाईस देने और रोकने की कोशिश की। ग्रामीणों का कहना था कि वे किसी भी कीमत पर अपनी जमीन खदान के लिए नहीं देंगे। काफी गहमागहमी और नारेबाजी के बीच सुबह 11 बजे से अपर कलेक्टर सुनील जन सुनवाई की प्रक्रिया शुरू की गई। जनसुनवाई के दौरान भी लोगों ने खदान खोले जाने को लेकर जमकर नारेबाजी की।



जन सुनवाई करते अधिकारी।



विरोध दर्ज कराते ग्रामीण।

## 102 ने मौखिक रूप रखी अपनी बात

रविवार को मैनपाट में आयोजित जनसुनवाई के दौरान महज 112 लोगों ने ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इनमें से 102 लोगों ने मौखिक और 10 लोगों ने लिखित रूप से अपना पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान ज्यादातर लोगों ने अपनी ओर से खदान खोले जाने का विरोध जताया है। अधिकारियों का कहना है कि जन सुनवाई के लिए सभी प्रक्रियाएं पूर्ण की गई और सभी को सूचित किया गया था। धान बिक्री का समय होने के कारण भी लोग जनसुनवाई में शामिल नहीं हो पाए। अब 2 दिसंबर को सपनादर में भी खदान को लेकर एक जन सुनवाई होने वाली है।

### पर्यावरण को हो रहा नुकसान

जिपं सदस्य रतनी नाग व ग्रामीणों का कहना है कि कंडराजा एक हाथी प्रभावित क्षेत्र है और यहां हाथी प्रभावितों को प्रशासन द्वारा पूर्व में कॉलोनी बनाकर बसाया गया था। अब खदान खोलने से बस्ती पर संकट मंडराने लगा है इसके साथ ही क्षेत्र में हाथियों का आतंक बना रहता है। पहले ही जंगलों की कटाई के कारण हाथी आक्रामक हुए है और मानव हाथी द्वन्द बढ़ा है।

## लोगों का विश्वास अर्जित किए बिना नहीं कर सकते माइनिंग : अमरजीत

कंडराजा में चल रही पर्यावरणीय जनसुनवाई के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री अमरजीत भगत भी शामिल हुए और अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि मैनपाट की पहचान पर्यटन से है, पर्यटन स्थल के रूप में इसका तेजी से विकास हो रहा है। जब मै पहली बार विधायक बना तो पहले मैनपाट तक पहुंचने के लिए रास्ता नहीं था हमने इसे सजाने संवारने का काम किया, सडकें बनी, होटल-मोटल बने। मैनपाट का आकर्षण बढ़ा है और बाहर से शैलानी आ रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व में बालको कंपनी ने माइनिंग की और लोगों से छल किया, सड़के खराब की गड्ढे खोद दिए। रोजगार उपलब्ध कराने के नाम पर डम्फर और ट्राला खरीदकर लोग कर्ज में डूब गए। विकास करना है तो लोगों का विश्वास अर्जित कर अपने वादों को पूर्ण करें।

### की गई है जनसुनवाई

रविवार को ग्राम कंडराजा में 135 हेक्टेयर भूमि पर बॉक्साइट उत्खनन के लिए जनसुनवाई की गई। इसमें 102 लोगों ने मौखिक व 10 लोगों ने आवेदन के माध्यम से अपनी बात रखी। पर्यावरणीय दृष्टिकोण से परीक्षण कर रिपोर्ट बनाई जाएगी उसके आधार पर ही आगे की प्रक्रिया होगी। जनसुनवाई में गुण-दोष के आधार पर निराकरण होता है। यह बहुमत वाली कार्रवाई नहीं नहीं है। सभी औपचारिकता पूर्ण करने के बाद सुनवाई की गई।

-**सुनील नायक**, अपर कलेक्टर

---

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा उत्सव के लिए पंजीयन 5 तक

**अम्बिकापुर।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य शासन के द्वारा युवा उत्सव का आयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर किया जाना है। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन जिला मुख्यालय अम्बिकापुर के शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय के आडिटोरियम हॉल में 8 दिसम्बर को प्रातः 8 से किया जाएगा। युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष के महिला/पुरुष कलाकार भाग ले सकेगें। युवा उत्सव में लोक नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा, करमा नृत्य, लोक गीत, वाद-विवाद, कहानी लेखन, चित्रकला, कविता लेखन, नवाचार, एकांकी नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, रॉकबैंड विधाओं को शामिल किया गया है। जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जिला सरगुजा के अन्तर्गत शैक्षणिक सस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ अन्य 15 से 29 वर्ष के युवा कलाकार भी भाग ले सकते है। युवा उत्सव में भाग लेने हेतु समस्त प्रतिभागी- दल निर्धारित समय में अपना पंजीयन खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय में 5 दिसम्बर तक कार्यालयीन समय में कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग कलेक्टोरेट परिसर अम्बिकापुर में सम्पर्क कर सकते है।

### जनसमस्या निवारण शिविर 13 फरवरी को डूमरडीह में

**अम्बिकापुर।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 28 नवम्बर को विकासखण्ड लुण्ड्रा के ग्राम डूमरडीह में आयोजित किया जाना था। अपरिहार्य कारणों से अब यह शिविर 13 फरवरी 2026 को आयोजित होगा। कलेक्टर ने जनसमस्या निवारण शिविर में जिले के समस्त विभाग प्रमुख एवं कार्यालय प्रमुख को अनिवार्यत उपस्थित रहकर पूर्व में दिए गए निर्देशों का पालन करने कहा है।

### धान का अवैध परिवहन करते 4 पिकअप जब्त

**अम्बिकापुर।** सीमावर्ती राज्यों से कोचियों द्वारा लाए जा रहे अवैध धान की आवक रोकने बलरामपुर जिला प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। सीमावर्ती जांच चौकियों पर 24 घंटे अवैध धान की निगरानी की जा रही है वहीं प्रशासन की संयुक्त टीमें विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर अवैध धान लोड पिकअप को जब्त कर रही हैं। संयुक्त टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में अवैध धान लोड चार पिकअप को जब्त किया है। बीती रात संयुक्त टीम ने वाड्रफनगर अंतर्गत फूलीडूमर में उत्तरप्रदेश की ओर से आ रहे एक संदेहास्पद पिकअप को रोककर जांच की तो 70 बोरी धान मिला। चालक धान से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। टीम ने चावल लोड पिकअप को जब्त कर पुलिस के सुपुर्द किया है। इसी तरह रामचंद्रपुर तहसील अंतर्गत तेज रफ्तार से यूपी से धान परिवहन कर रहे पिकअप का पीछा कर संयुक्त टीम ने पकड़ा। पिकअप में 70 बोरी धान मिलने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। कुसमी की संयुक्त टीम ने एक दिन पूर्व अबटाही में झारखण्ड का धान परिवहन कर रहे दो पिकअप को जब्त किया है। दोनो पिकअप में 105 बोरी अवैध धान लोड था।

---

# स्वास्थ्य केंद्र में ताला, परिजन ने अस्पताल के बाहर खुले में कराया महिला का प्रसव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य अमले की लापरवाही से लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में ताला बंद होने के कारण प्रसव के लिए पहुंची एक महिला को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान गर्भवती को अत्याधिक पीड़ा होने पर परिजन ने स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर खुले में उसका प्रसव कराया।

- सूचना पर पहुंचे बीएमओं प्रभारी को थमाया नोटिस, जताई नाराजगी

चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र अंतर्गत दूरस्थ ग्राम पंचायत लांजित में लम्बे समय से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जा रहा है। दूरस्थ इलाका होने के कारण स्वास्थ्य समस्याओं के लिए आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्भर हैं। स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी सहित मात्र दो कर्मचारी पदस्थ है इसलिए आए दिन स्वास्थ्य केंद्र के बंद होने की शिकायतें मिलती हैं। रविवार को सुबह लांजित खाल पारा निवासी संगीता पति सुखलाल (24 वर्ष) को प्रसव पीड़ा होने लगी तो परिजन उसे सुरक्षित प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र में ताला लटकता देख परिजन को कोई उपाय नहीं सूझ रहा था। इधर संगीता प्रसव पीड़ा बढ़ने के कारण बेचैन होकर छटपटा रही थी। सुबह 10 बजे उसकी पीड़ा बढ़ जाने पर परिजन ने स्वास्थ्य केंद्र के बाहर खुले में उसका प्रसव कराया। आधे घंटे बाद स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी पहुंचे तो अस्पताल का ताला खुला तथा महिला व नवजात को अस्पताल में भर्ती किया गया। इधर ग्रामीणों ने घटना की सूचना बीएमओ डॉ.बटी बैरागी को दी तो तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे एवं परिजन से मिलकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लापरवाही पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी को फटकार लगाई तथा नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

बीएमओ डॉ.बैरागी ने बताया कि मामले में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। इस संबंध में जांच रिपोर्ट जिला स्वास्थ्य अधिकारी को भेजी गई है।



### गर्भवती महिला की बिगड़ी तबीयत, जच्चा-बच्चा की मौत

**अम्बिकापुर।** गर्भवती महिला की अचानक तबीयत बिगड़ जाने से पहले गर्भ में पल रहे आठ माह के शिशु की मौत हो गई जिसके बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय गर्भवती माता की रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर क्षेत्र के नारायणपुर थाना अंतर्गत ग्राम परढोर निवासी सूरजमनि बाई पति लक्ष्मण विश्वकर्मा (20 वर्ष) छह साल पूर्व पिता के मौत हो जाने के बाद से ननिहाल ग्राम कुनकुरी अपनी नानी के घर में ही रह रही थी। नानी सहित परिजन ने उसका विवाह कराया। सूरजमनि आठ माह की गर्भवती थी। 28 नवंबर की रात अचानक तबीयत खराब हो जाने तथा लगातार झटका आने पर परिजन उसे जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच उपरांत गर्भ में शिशु की मौत हो जाने तथा प्रसूता की बीपी बढ़ जाने की बात बताई। साथ ही बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन गत शाम उसे निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने सूरजमनि को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

- गर्भ में शिशु की तो अस्पताल लाते समय मां की गई जान



# सागौन जंगल किनारे शराब पीने से मना करने पर वनरक्षक की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सागौन जंगल किनारे शराब पी रहे लोगों को मना करना बीट प्रभारी को महंगा पड़ गया। नशे में धुत शराबियों ने बीट प्रभारी पर हमला बोल दिया। उन्होंने वनकर्मी की पिटाई करने के साथ ही उसके निजी कार में जमकर तोड़फोड़ की। इस घटना में बीट गार्ड को चोट आई है। फिलहाल घटना की शिकायत के बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

- कार में तोड़फोड़, घायल वनरक्षक ने दर्ज कराई शिकायत

बताया जा रहा है कि वन विभाग के कर्मचारी समय लाल, अनूप गिरधारी, रामलखन, राजेश, रोदा सेमरा बकसपुर रोड में बीट क्रमांक पी 2758 में ट्रांजैक्ट लाइन की तैयारी कर रहे थे। रविवार को भी सुबह 6 बजे से सभी वनकर्मी ड्यूटी पर पहुंच चुके थे। इस दौरान दोपहर 1.30 से 2 बजे के बीच वन रक्षक राजपुर सागौन बीट प्रभारी प्रमिट एक्का अपनी मारुति बलेनो क्रमांक सीजी 15 सीटी 0384 से ट्रांजेक्ट लाइन का तैयारी कर रहे कर्मचारियों से जानकारी लेने पहुंचे थे जहां पहले से आरोपी थाना शंकरगढ़ अंतर्गत ग्राम दरकी निवासी संतोष अपने दो दोस्त के साथ मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी कर सागौन जंगल किनारे शराब पी रहा था। जब वनरक्षक ने उन्हें दूसरी जगह पर जाकर शराब पीने को कहा तो नशे में धुत युवक भड़क उठे और गाली गलौज करते हुए वन रक्षक प्रमिट एक्का पर पत्थरों से हमला कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने वनरक्षक की कार को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया। हमला करने के बाद तीनों शराबी भाग निकले। इस घटना में वनरक्षक को चेन्हरे, कनपटी में गंभीर चोटें आई है। वनकर्मियों ने घायल वनरक्षक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी। बड़ी बात यह है कि भागते समय एक आरोपी मोबाइल फोन मौके पर ही गिर गया जिसे वनकर्मियों ने पुलिस के सुपुर्द आकर दिया है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही है। बड़ी बात यह है कि राजपुर से सेमरा बकसपुर जाने वाले उक्त सड़क पर दिन हो या शाम अक्सर शराबियों का जमावड़ा बना रहता है और आये दिन शराबी शराब के नशे में इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं।

# कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक को तीन वर्ष का कठोर कारावास, 5 हजार का अर्थदंड

**अंबिकापुर।** पासपोर्ट वेरिफिकेशन के नाम पर रिश्वत लेने वाले कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक को न्यायालय ने दोषी माना है। कोर्ट ने आरोपी अधिकारी को तीन वर्ष के कठोर कारावास और 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रामानुजगंज के रामचंद्रपुर दोलंगी निवासी इसरार हुसैन आ. सिराजुद्दीन ने अपने च्वाइस सेंटर के माध्यम से अपने साथ ही गांव के शमीम अंसारी, तुफैल अहमद, असलम अंसारी व नूरानी का हज यात्रा पर जाने के लिए पासपोर्ट बनवाने को आवेदन किया था। 9 अप्रैल 2024 को ऑनलाइन फॉर्म भरने के बाद 24 मई को 2024 को अपॉइंटमेंट मिलने पर सभी पोस्ट ऑफिस स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र पहुंचे जहां कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक संकट मोचन राय मौजूद थे। संकट मोचन राय से सभी अपने अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक संकट मोचन राय ने दस्तावेजों में त्रुटि बताकर इसरार हुसैन के साथ ही सभी 5 लोगों के दस्तावेज का सत्यापन करने के नाम पर 10 हजार रुपए की मांग की। रिश्वत की मांग होने पर सभी शिकायत कर्ता वापस लौट गए और मामले की शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो कार्यालय में की थी। एसीबी की टीम दवरा शिकायत की जांच व सत्यापन की प्रक्रिया की गई जिसमें संकट मोचन राय 10 के स्थान पर 8 हजार रुपए की ⏭ शेष पेज 4 पर

- दस्तावेज सत्यापन के नाम पर रिश्वत लेते हुआ था गिरफ्तार, न्यायालय ने सुनाई सजा



### गुणवत्ता पर उठे सवाल, 20 लाख रुपए की मिली है स्वीकृति

# मानकों को दरकिनार कर किया जा रहा पुलिया का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

वर्षों के इतंजार उपरांत शुरू कराया गया पुलिया निर्माण का काम अब अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी की भेंट चढ़ता हुआ नजर आ रहा है। 20 लाख रुपए की लागत से कराए जा रहे पुलिया निर्माण में ना ही फाउंडेशन का ख्याल रखा गया और ना ही सही तरीके से सरिया का उपयोग किया जा रहा है। ठेकेदार नियम व मानकों को दरकिनार कर गुणवत्ताहीन पुलिया का निर्माण कर रहा है जिसे लेकर लोगों में खासा रोष है।

बता दें कि विकासखंड के ग्राम पंचायत धंधापुर में पुलिया निर्माण कराया जा रहा है। शासन द्वारा पुलिया निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिलने के बाद विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा द्वारा किया गया था लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि निर्माण शुरू होने के बाद अधिकारियों की लापरवाही का फायदा ठेकेदार उठा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिया निर्माण के दौरान गुणवत्ताहीन सीमेंट, गिट्टी का उपयोग किया ⏭ शेष पेज 4 पर



### पहले से एक पुलिया अधूरी

बड़ी बात यह है कि जिस स्थान पर पुलिया का निर्माण कराया जा रहा है उसी स्थान पर वर्षों से एक पुलिया अधूरी पड़ी हुई है। अधूरी पुलिया के निर्माण हेतु कोई पहल नहीं की गई। उद्घाटन के दौरान लोगों ने नया पुलिया बनाने के बदले पूर्व से अधूरे पड़े पुलिया को ही पूर्ण कराने की मांग की थी ताकि शासन को भी नुकसान ना हो और क्षेत्र के लोगों की समस्या का भी समाधान हो जाए। इस दौरान पंचायत पदाधिकारी व अधिकारियों ने साफतौर पर कह दिया था कि यदि स्वीकृत पुलिया का उक्त स्थल पर निर्माण नहीं होने दिया गया तो पुलिस को अन्यत्र स्थापित कर दिया जाएगा। ऐसे में मजबूरन ग्रामीणों ने पुलिया बनाने की सहमती दी लेकिन अधिकारियों, पंचायत व ठेकेदार की मिलीभगत से एक बार फिर से निर्माणाधीन पुलिया का अस्तिव ख़तरे में है।

### की जाएगी जांच

फाउंडेशन डेढ़ मीटर गहरा होना चाहिए और जब तक की कठोर मिट्टी नहीं मिल जाता है तब तक फाउंडेशन को गहरा किया जाता है। बालू में फाउंडेशन डाल दिया गया है तो गलत है मैं खुद जाकर देखूंगा और इसकी जांच कराई जाएगी।

-**जानू राम सोनी**, एसडीओ ग्रामीण यांत्रिकी सेवा

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल में हुई अंतर सदन प्रश्नोत्तरी स्पर्धा, विजेताओं को किया गया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** सैनिक स्कूल हाल ही में जूनियर एवं सीनियर वर्ग की अंतर-सदन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाड्रन लीडर जेम्स नायर ने किया। दोनों वर्गों में लगभग 100-100 प्रश्न पूछे गए, जिनमें रक्षा सेवाएं, सामान्य ज्ञान, विज्ञान एवं तकनीक, व्यक्तित्व, भारतीय इतिहास, खेलकूद तथा त्वरित प्रश्नोत्तरी शामिल थे। जूनियर वर्ग में चारों सदनों – तेजस, पिनाका, विजयंता और अरिहंत ने उत्सहपूर्वक भाग लिया। कड़े मुकाबले के बाद अरिहंत सदन ने विजयंता सदन को रैपिड फायर रांउड में पराजित कर विजय प्राप्त की। विजेता टीम में कैडेट्स जिया कुमारी, गोविंद माधव और नैतिक कश्यप शामिल थे। 27 नवम्बर को आयोजित सीनियर वर्ग प्रश्नोत्तरी में अर्जन, मानेकशॉ, करिअप्पा और कटारी सदनों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के रैपिड फायर राउंड के बाद भी दो टीमें बराबरी पर रही और अंततः टाई-ब्रेकर में अर्जन सिंह सदन ने मानेकशॉ सदन को हराकर खिताब जीता। विजेता टीम में कैडेट्स अंश सिन्हा, कौस्तुभ राय और शौर्य शाह शामिल थे। प्रतियोगिता उपरांत वरिष्ठ सदन प्रतियोगिता में उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पी श्रीनिवास एवं प्राचार्य कर्नल रीमा सोबती ने विजेताओं को प्रमाण पत्र और विजेता ट्रॉफी प्रदान की जबकि कनिष्ठ सदनों को श्रीमती सिमी नायर ने पुरस्कृत किया। प्राचार्य ने प्रतियोगिता के संचालन, प्रश्नों के चयन, शोध कार्य और विजेता कैडेट्स एवं सदनों के प्रदर्शन की प्रशंसा की।

### रासेयो कार्यशाला में शामिल हुए चांदनी बिहारपुर कॉलेज के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी



**ओड़गी।** राज्य रासेयो अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई के दिशा निर्देश और संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय रासेयो समन्वयक के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों की अंबिकापुर सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में स्वच्छता स्वस्थ भोजन मानसिक तनाव लैंगिक उत्पीड़न आदि से संबंधित कार्यशाला आयोजित की गई।कार्यशाला में महाविद्यालय रासेयो कार्यक्रम अधिकारी धीरेंद्र कुमार जायसवाल शामिल होकर अपने कॉलेज का प्रतिनिधित्व किया। कार्यशाला में जानकारी यूनिसेफ प्रतिनिधि डॉ.अभिषेक त्रिपाठी द्वारा दिया गया। जायसवाल द्वारा अपने जिले में महाविद्यालय से लेकर स्कूल तक अपने-अपने क्षेत्र में उसका प्रचार प्रसार कर सकें और इसके माध्यम से लोगों को इस बारे में जन चेतना जागरूकता ला सके। साथ ही आज के इस बदलते परिवेश में लोग स्वच्छता से मानसिक तनाव से मिलेट्स से स्वस्थ भोजन से लैंगिक उत्पीड़न से जागरूक हो इस पर पुरजोर समर्थन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संभाग के महाविद्यालय और विद्यालय स्तर के कार्यक्रम अधिकारी शामिल हुए।

## शाम होते ही खरीदी केन्द्र परिसर में छलकता है जाम

# कार्रवाई के अभाव में धान खरीदी केंद्र बना असामाजिक तत्वों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**
- बढी चोरी की आशंका, अधिकारी सहित कर्मचारी नहीं दे रहे ध्यान

जिले में धान खरीदी शुरू हुए एक पखवाड़ा हो गया है। इधर उपार्जन केन्द्र में भी हर रोज बढ़ी संख्या में किसान अपनी उपज बिक्री करने पहुंच रहे है। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय कृषि मंडी स्थित धान खरीदी केंद्र में किसान अपनी उपज विक्रय कर रहे है। हैरानी बात तो यह है कि कृषि मंडी स्थित धान खरीदी केन्द्र अब असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। शाम ढलते ही न सिर्फ असामाजिक तत्व धान खरीदी केन्द्र परिसर में एकत्र होते है बल्कि परिसर में ही जाम छलकाने लगते है। हैरानी की बात तो यह है कि परिसर में नशा खोरी की जाती है बावजूद इसके न तो अधिकारी और न ही कर्मचारी इस ओर ध्यान देते है जिससे धान चोरी होने की संभावना बढ़ गई है।

कृषि मंडी सूरजपुर स्थित धान खरीदी केंद्र में 15 नवम्बर से धान खरीदी की शुरुआत हुई। क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने अपनी उपज खरीदी केन्द्र में बिक्री किया जबकि कई किसान अब भी खरीदी केन्द्र में अपनी उपज विक्रय करने पहुंच रहे है। लेकिन कुछ दिनों से अब कृषि मंडी स्थित धान खरीदी केन्द्र असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। जहां शाम होते ही बड़ी संख्या में नशेड़ी परिसर में शराब पीने सहित अन्य नशा करते है। शाम होते ही परिसर में जाम छलकने लगते हैं जिन्हें रोकने वाला कोई भी नहीं है। अधिकारी या कर्मचारी इसे लेकर गंभीर नहीं है। बताया जा रहा है कि अपराधी प्रवृत्ति के लोग वहां शराब पीने के बाद धान खरीदी केंद्र से रात को धान चोरी करते हैं जिससे किसानों की मेहनत की कमाई चोरी होती है और सरकारी धान भी चोरी होता है।



धान खरीदी केन्द्र में बिखरे शराब की बोतलें।

### आगे है सीसीटीवी पीछे नहीं

धान खरीदी केंद्र में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हुए हैं परन्तु परिसर के जिस हिस्से में असामाजिक तत्व बैठकर शराब पीते है उधर सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा हुआ है जिससे अपराधी प्रवृत्ति के लोग वहां बैठकर बेखौफ शराब पीते है।

### पांच पांच गोदाम लेकिन नहीं है स्ट्रीट लाइट

कृषि मंडी में लगभग पांच गोदाम है और वहां के स्ट्रीट लाइट के बीस बाईस खंभे है परन्तु एक दो स्ट्रीट लाइट के अलावा कोई लाइट नहीं जलता। ऐसे में लाइट नहीं जलने से अधिकांश हिस्से अंधेरा होता है जिसका फायदा उठाकर अपराधी प्रवृत्ति के लोग वहां शराब पीते है और धान चोरी की घटना को अंजाम देते हैं।

### एफआईआर करवाता हूं

हाल ही में मेरा यहां ट्रांसफर हुआ है। परिसर की सुरक्षा के लिए मंडी में गेट लगवा दिया है। मंडी के अंदर धान खरीदी केंद्र में शराब पीने की जानकारी नहीं है। अगर असामाजिक तत्व परिसर में शराब पीते है तो उनके विरूद्ध जल्द ही एफआईआर करवाता हूं।

-विरेंद्र ठाकुर
कृषि मंडी सचिव सूरजपुर

### लगाए गए है सीसीटीवी कैमरा

अपराधी प्रवृति के लोग धान खरीदी केन्द्र परिसर में शराब पीते है उन्हें रोकने के लिए सामने सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है। सीसीटीवी कैमरा का जितना रेंज होगा उतना कवर करेगा। मुझे जबरदस्ती कृषि मंडी स्थित धान खरीदी केन्द्र का प्रभारी बनाया गया है।

-मोहन राजवाड़े
धान खरीदी केन्द्र प्रभारी

## कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं दो महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कीटनाशक पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुई दो महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम विनायकपुर निवासी विफनी बाई पति रोघा पहाड़ी कोरवा (40 वर्ष) 29 नवम्बर को जब पति मवेशी चराने गया था तब वह घर में अकेली थी। इस दौरान महिला ने अज्ञात कारण से कीटनाशक पी ली। शाम को पति मवेशी चराकर घर लौटा तो देखा पत्नी उल्टी कर रही है। कीटनाशक की गंध आने पर पति ने परिजन को घटना की जानकारी देने के साथ ही उसे शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। इसी प्रकार दूसरी घटना में राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम चौपानी निवासी सांझो पति राखे राम पहाड़ी कोरवा (22 वर्ष) 27 नवम्बर को पति को मायके जाने की बात कहकर घर से निकली थी लेकिन आधे रास्ते से ही वापस लौट आई। इसी बीच पति ने मछली पकड़ने की बात कहकर चला गया। शाम को घर आने के पश्चात दोनों सो गए। इसी बीच देर रात पत्नी उल्टी करने लगी।

उल्टी में कीटनाशक का गंध आने पर पति ने उसे तत्काल राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया।

### गिरने से गंभीर हुई महिला की उपचार के दौरान मौत

शराब के नशे में धुत महिला घर के आंगन में गिर गई। परिजन महिला को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार सूरजपुर थाना अंतर्गत ग्राम भौवराही निवासी सिद्धी बाई पति हीरा साय (30 वर्ष) शराब पीने की आदि थी। शुक्रवार को जब पति काम पर और बच्चे स्कूल गए थे तभी महिला ने अत्यधिक शराब पी ली थी और आंगन में गिर गई। शाम को जब पति वापस घर पहुंचा तो पत्नी को आंगन में लहूलुहान हालत में अचेत पड़ा देख तत्काल उसे सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की हुई जिला स्तरीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- तीन दिवसीय हड़ताल करने का लिया निर्णय , 22 दिसंबर से कार्यालयों में पूर्णत: तालाबंदी

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने सरकार के लगातार उपेक्षापूर्ण रवैये के विरोध में 3 दिवसीय हड़ताल की घोषणा की है। फेडरेशन के अनुसार शासन द्वारा एक दिवसीय हड़ताल के बावजूद लंबित मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं होने से संगठन आंदोलन को बाध्य हुआ है।

सूरजपुर फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि 19 नवंबर को प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कोर कमेटी की बैठक में निर्णय लिया गया कि मोदी की गारंटी के अनुरूप कर्मचारियों को देय 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता तथा लगभग 80 माह का लंबित एरियर्स जीपीएफ खाते में समायोजित करने सहित 11 सूत्रीय मांगों पर सरकार उदासीन है। इसी के चलते फेडरेशन 22 से 24 दिसंबर तक 3 दिन की हड़ताल करेगा। इस दौरान सभी सरकारी कार्यालयों में कामकाज ठप्प रहेंगे। जिला संयोजक महिला प्रकोष्ठ श्रीमती प्रतिमा सिंह ने आंदोलन की रूपरेखा से अवगत कराते हुए सभी अधिकारी कर्मचारियों से एकजुट होकर आंदोलन में शामिल होने की बात कही। महासचिव इकबाल अंसारी व जिला मीडिया प्रभारी राधेश्याम साहू ने बताया कि फेडरेशन द्वारा शासन से लगातार पत्राचार किया जा रहा है किंतु शासन द्वारा मांगों पर संज्ञान नहीं लेने से प्रदेश के समस्त कर्मचारियों में आक्रोश पनपता जा रहा है। शासन का ध्यानाकर्षण कराने के लिए फेडरेशन द्वारा तीन दिनों का आंदोलन वर्क आफ्टर ब्रेक के थीम पर करने का निर्णय लिया गया है, फिर भी यदि सरकार मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो प्रदेश के समस्त अधिकारी कर्मचारी कार्यालयों में तालाबंदी कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएगे। बैठक में डॉ. आरएस सिंह, श्रीमती प्रतिमा सिंह, इकबाल अंसारी, श्रीमती ज्योति साधना श्रीवास्तव, प्रीति तिग्गा, आदित्य शर्मा, अनुरंजन देव, निर्मल भट्टाचार्य, विजय साहू, मनीष दीपक साहू, महेश पैकरा, आदेश रवि, रमेश राजवाड़े, राधेश्याम साहू, राजकुमार सिंह, सतीश प्रताप सिंह, राकेश शुक्ला, अमरनाथ चौबे, अवधेश यादव, भुवनेश्वर सिंह, माया शर्मा, आरएन साहू, रज्जाक अंसारी, यशवंत प्रताप सिंह, अरुण प्रताप सिंह, शिखा बछार,पूनम शर्मा,मंजू साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से ली तीन नए कानूनों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



नए आपराधिक कानूनों को लेकर सूरजपुर एसएसपी व डीआईजी प्रशांत कुमार ठाकुर के नेतृत्व में लगाई गई प्रदर्शनी में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे है। तीन नवीन कानून की जानकारी देने लगाई गई प्रदर्शनी में कानूनों की बारीकियों को जानने नागरिकों, युवाओं व छात्राओं का खासा उत्साह देखा गया और अपने अनुभवों को साझा किया।

स्कूली बच्चों के द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नए कानूनों की शानदार प्रस्तुती दी। कार्यक्रम के तहत 29 नवम्बर को डीएव्ही पब्लिक स्कूल भटगांव, कन्या महाविद्यालय सूरजपुर, जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई, एकलव्य विद्यालय शिवप्रसादनगर, अरूणोदय कोचिंग सेंटर के छात्र-छात्राओं ने पुलिस के नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी का लाभ उठाया। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस अधिकारियों के द्वारा छात्रों को पुराने एवं नए कानूनों के प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अपराध विवेचना में आधुनिक तकनीक और डिजिटल साक्ष्यों की उपयोगिता को परिभाषित कर बताया गया। प्रदर्शनी देखने आए छात्रों ने नए कानूनों की प्रदर्शनी में अपने अनुभव को साझा कर बताया कि हमें आज पुलिस के इस आयोजन में नए कानूनों को जानने के लिए हमें अच्छा अवसर प्रदान किया है। हमने आज कानून की बारीकियों को समझा है और दूसरों को भी नए आपराधिक कानूनों के बारे में जानकारी देकर जागरूक करेंगे। सूरजपुर पुलिस द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में डीएव्ही पब्लिक स्कूल भटगांव के छात्र आर्या सिंह, आलिया रिजवी, सिंवागी सिंह, अंशिका सिंह, अर्जुन, लालचंद, शाहिद रजा, वरदान सिंह, आध्या पाण्डेय, एकता सिंह की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नए कानूनों के बारे में उपस्थित युवाओं व लोगों को जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने नए कानूनों की प्रमुख विशेषताओं और उनके नागरिक जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को विस्तार से समझाया।

इसमें जीरो एफआईआर का प्रावधान, 90 दिन के भीतर आरोप पत्र दाखिल करना और फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। इस प्रस्तुति ने सरकार द्वारा आम आदमी को सुलभ न्याय दिलाने के प्रयासों को उजागर किया। डिजिटल साक्ष्य को भी इन कानूनों में महत्वपूर्ण आधार बनाया गया है, जिससे अब इन्हें प्रमाण के तौर पर उपयोग किया जा सकेगा। नुक्कड़ नाटक टीम ने अपने प्रस्तुती में मारपीट, चोरी, ऑनलाईन फ्राड, धोखाधड़ी सहित अन्य नए धाराओं के बारे में जानकारी देते हुए गलत काम नो चान्स, जागरूक नागरिक भूलो मत का नारा दिया।

## योग शिविर में सभी ने प्रतिदिन योग करने का लिया संकल्प

**सलका अधिना।** सलका अधिना में आयोजित 27 नवंबर से तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ के साथ स्थल पर पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी एवं योग प्रशिक्षक राम प्रताप राजवाड़े द्वारा प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक लोगों को इंटीग्रेटेड योगाभ्यास कराया गया। योग शिविर में विभिन्न आसनों के साथ प्राणायाम और मुद्रा, एक्यूप्रेशर के साथ प्राणायाम, ध्यान का महत्व बताते हुए सभी को योगाभ्यास कराया। राजवाड़े ने बताया कि यज्ञ के साथ यदि नियमित इंटीग्रेटेड योगाभ्यास किया जाए तो पूर्ण स्वस्थ निरोगी जीवन, नशा मुक्ति सुखी जीवन जी सकते हैं। सभी ने तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर की सराहना की और प्रतिदिन योग करने का लिया संकल्प। योग शिविर में समिति के अध्यक्ष गिरीश कुमार गुप्ता, बृजेंद्र भारती, सुदामा गुप्ता, शिव हरि गुप्ता, अतुल गुप्ता, विकास गुप्ता, घनश्याम गुप्ता, दलगर राजवाड़े, योग शिक्षक शंभु नारायण देवांगन, कौशल साहू सहयोग शिक्षक प्रदीप पैकरा, कमल जायसवाल, ओम प्रकाश गुप्ता, बाल साय विश्वकर्मा और स्थानीय योग साधक उपस्थित रहे।



## कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**लखनपुर।** भाजपा मंडल लखनपुर के गुदरी बाजार में 30 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक संवाद मन की बात का 128 वाँ संस्करण सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ के मंत्री राजेश अग्रवाल एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भरत सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा लोकल फ़ॉर वोकल, स्थानीय उत्पादन, खेलो इंडिया, एवं समाज से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर दिए गए संदेशों को विस्तार पूर्वक सुना गया। इस अवसर पर मंत्री राजेश अग्रवाल ने मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री के संदेश पर प्रकाश डालते हुए स्थानीय स्तर पर संगठन को और सशक्त बनाने पर बल दिया। वहीं जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने स्थानीय उत्पादों के बढ़ावा, संगठन विस्तार व प्रत्येक बूथ पर मन की बात कार्यक्रम के सफल संचालन पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने किया। इस दौरान संयोजक राहुल अग्रवाल एवं शिवराज सिंह, दिनेश गुप्ता, राजेन्द्र जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, बृजकिशोर पांडे, कामेश्वर राजवाड़े, सत्यनारायण साहू, यतेंद्र पांडे, लछमन साहू, महामंत्री सचिन अग्रवाल, महेश्वर राजवाड़े, राजेन्द्र गुप्ता, घरभरन राजवाड़े, चेतन, मोहपाल, सुदर्शन मानिकपुरी, भुवन, अमर साय सहित अन्य मौजूद थे।

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 दिसम्बर , दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल 10 बजे से शाम 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल शाम 3 बजे से 5 बजे तक

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 7 दिसम्बर 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 29 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 06 दिसंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
दूरबीन से स्पाईन, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
दिनांक 23 नवम्बर 2025 दिन - रविवार
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर में झुनझुनी
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500, +91 72408 02000
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ.नीरज प्रसाद
MS,MCH (Neurosurgery)
• सिर की चोट (हेड इंजरी),स्पॉन्डिलाइटिस
• ब्रेन ट्यूमर,ब्रेन हेमरेज,चेहरे पर तिव्र दर्द
• लकवा,मिर्गी,स्लिप डिस्क,साइटिका
रायपुर के पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ.भाविक शाह
डी.एन.बी.(मेडिसीन) डी.ए.बी.(गैस्ट्रो) एम.आर.सी.पी.,एस.सी.ई.(गैस्ट्रो)
• गैस,उल्टी की समस्या,भुख न लगना
• पीलिया एवं हैपेटायटस की समस्या
• एंडोस्कोपी व कोलोनास्कोपी,पीलिया
छ.ग. के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
MD,DM (Cardiology)
• सीने में दर्द या भारीपन,सॉंस लेने में तकलीफ
• अनियमित हृदय गति,सीने में जलन
• लगातार पसीना,नींद न आना,बैचेनी
सुप्रसिद्ध श्वास,छाती,एलर्जी,एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ.रोशन वर्मा
MD (T.B.& Respiratory Diseaseas)
• श्वांस लेते समय सीने से सीटी जैसी आवाज आना
• खासी में खून आना,रात को सांस लेने में तकलीफ
• रात में नींद की तकलीफ,दोपहर में काफी नींद आना
1.5 TESLA MRI
BLOOD BANK CENTER
CT SCAN AVAILABLE 24/7
30 नवम्बर 2025,माह के पांचवा रविवार को
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉंच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
• चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
• पेशाब में जलन
• यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
• पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
• पेशाब का रंग लाल होना
• हॉथ और पैरों में कमजोरी
• डायबिटिक किडनी
• किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

**खबर संक्षेप**

### विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम आज




**मनेन्द्रगढ़।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर 1 दिसंबर को मनेन्द्रगढ़ स्थित स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भरतपुर-सोनहत विधानसभा की विधायक श्रीमती रेणुका सिंह करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह, महापौर नगर पालिका निगम चिरमिरी रामनरेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ श्रीमती प्रतिमा यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष झगराखांड श्रीमती सीमा यादव तथा नगर पंचायत अध्यक्ष लेदरी वीरेन्द्र सिंह राणा शामिल हैं।

### अब दूर से ही दिखने लगा राष्ट्रीय पक्षी मोर

**बैकुण्ठपुर।** शहर के ओड़गी तिराहा का सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। तिराहा के तीनों ओर लोहे के रेलिंग लगाकर रंग-रोगन कर दिया गया है और बीच में राष्टीय पक्षी मोर बनाई गई है, जिसे अभी रंग-रोगन करना बाकी है। ओड़गी नाका तिराहे के बीच में बनाए गए राष्टीय पक्षी मोर के सामने ही यातायात जागरूकता का बोर्ड लगा था। इस संबंध में पूर्व में हरिभूमि ने खबर प्रकाशन किया था। इसके बाद यातायात विभाग ने अपने जनजागरूकता बोर्ड को हटा दिया, ताकि राष्टीय पक्षी मोर दूर से दिखाई दे ,लेकिन वर्तमान में उक्त तिराहे में विद्युत के खंभे और दूसरी ओर एक छोटा टावर लगा हुआ है।

### शाम होते ही छा जाता है अंधेरा, नपा को ध्यान दिए जाने की जरुरत

# लाखों खर्च के बाद भी गांधी उद्यान बदहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर का पहला और पुराना उद्यान में से एक गांधी उद्यान आज बदहाली का शिकार हो गया है। इस उद्यान के सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रूपए खर्च कर दिए इसके बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हो पाया है। उल्लेखनीय है कि शहर के गौरवपथ मार्ग किनारे उप डाकघर व जिला जेल के सामने शहर का सबसे पुराना गांधी उद्यान का निर्माण कराया गया था, तब गांधी उद्यान में ज्यादा सुविधा नहीं थी और न ही लाईटिंग की व्यवस्था की गई थी। नगर सरकार के बदलने के बाद गांधी उद्यान का जीर्णोद्धार के साथ सौंदर्यीकरण की दिशा में कार्य किया गया। इस पर लाखों रूपए खर्च किए गए साथ ही यहां बैठने की भी व्यवस्था की गई है, लेकिन वर्तमान में गांधी उद्यान की स्थिति देखरेख के अभाव में बदहाल हो गई है। पहले यह शहर का एकमात्र उद्यान हुआ करता था, लेकिन अब कई उद्यान हो गए, तब इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसके चलते गांधी उद्यान अपनी स्थिति पर आंसू बहाने पर मजबूर हो गया है। नपा प्रशासन को इस ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत है, ताकि शहर के प्रमुख स्थल पर स्थित गांधी उद्यान की रौनक बरकरार रहे।





बदहाल गांधी उद्यान।

#### गांधी उद्यान की लाइट बंद

गांधी उद्यान की लाइट बंद हो गई है, इसके सुधार की दिशा में ध्यान नहीं दिया जा रहा है, इसके चलते शाम ढलने के बाद यहां अंधेरा पसरा रहता है। उद्यान के दोनों ओर वाहन चलते हैं, जिसकी रोशनी से तथा स्ट्रीट लाइट की रोशनी से उद्यान रात्रि में रोशन रहता है, लेकिन उद्यान के भी लाखों खर्च कर आकर्षक लाइट लगाई गई है जो बंद पड़ी है, इसके चलते उद्यान में अंधेरा पसरा रहता है।

#### बापू प्रतिमा भी अंधेरे में

शहर के गांधी उद्यान के एक किनारे छोर में महात्मा गांधी की प्रतिमा ऊंचे स्थल पर स्थापित की गई है, जहां पर पूर्व में प्रतिमा के उपरी हिस्से में लाइट लगाई गई थी, जिससे कि रात्रि में उजाले में गांधी प्रतिमा साफ दिखाई देती थी, लेकिन उद्यान के साथ गांधी प्रतिमा के उपर लगे लाइट भी बंद पड़ा है, इसके चलते रात्रि में अंधेरे में बापू की प्रतिमा भी अंधेरे में रहती है, जबकि समय-समय पर यहां कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं।

## चिरमिरी निगम में एंटी रैबीज वैक्सीनेशन अभियान शुरु



जारी टीकाकरण अभियान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

नगर पालिका निगम चिरमिरी द्वारा सोमवार को एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया।

नगर क्षेत्र में आवारा एवं पालतू कुत्तों में बढ़ते संक्रमण के खतरे को देखते हुए यह पहल की गई, जिससे जनस्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के दौरान निगम की टीम ने आवारा व पालतू कुत्तों को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई। टीम ने पशुपालकों को रेबीज से होने वाले खतरे, बचाव के उपाय तथा तय समय-सीमा में टीकाकरण की अनिवार्यता के संबंध में जागरूक भी किया। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू कुत्तों का समय-समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। किसी भी संदिग्ध स्थिति या कुत्ते के काटने की घटना पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग अथवा नगर निगम चिरमिरी को सूचना देने को कहा गया है। निगम ने बताया कि आगे भी इस प्रकार के नियमित टीकाकरण अभियान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम जारी रहेंगे।

## शहर में जगह-जगह जल रहे अलाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

ठंड को देखते हुए शहर के सार्वजनिक स्थलों पर नगर पालिका द्वारा अलाव जलाया जा रहा है, इसके लिए लकड़ी पर्याप्त दी जा रही है, लेकिन शहर के कुछ जगहों पर सार्वजनिक अलाव की जगह आग तापने वाला कोई व्यक्ति नहीं रहता और आग जलते रहता है। ऐसा ही मामला शनिवार को न्यू नगर पालिका कार्यालय परिसर के एक किनारे में नगरपालिका द्वारा संचालित अलाव तो जलता रहा, लेकिन आग तापने वाला कोई व्यक्ति नहीं था, इस तरह लकड़ी बेकार जलती रही। नपा के कर्मी लकड़ी गिराकर सार्वजनिक अलाव स्थल पर शाम ढलने के बाद आग लगा देते हैं, लेकिन आग तापने वाला कोई नहीं रहता, जबकि बस स्टैंड सहित कुछ और जगहों पर सार्वजनिक अलाव में आग तापने के लिए लोग देर तक जुटे रहते हैं।

## झोलाछाप डॉक्टर से बालिका का उपचार कराना पड़ा महंगा

**अम्बिकापुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में आज भी जागरूकता की कमी है। हालांकि प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम विभिन्न शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। बावजूद इसके ग्रामीण अस्पताल के बजाए झोलाछाप डॉक्टरों से ही इलाज कराते है जिसका खामियाजा मरीज सहित परिजन को भुगतना पड़ता है। दरिमा क्षेत्र निवासी एक परिवार को झोलाछाप डॉक्टर से बालिका का उपचार कराना उस समय महंगा पड़ गया जब बीती रात अचानक तबीयत बिगड़ने से बालिका की मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाते समय मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



- **तबीयत बिगड़ने से बालिका की मौत,**

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवापारा खुर्द निवासी लक्ष्मी वैष्णव आ. राजेश्वर प्रसाद वैष्णव (14 वर्ष) 26 नवम्बर को पेट में दर्द होने की शिकायत की। जिस पर बहन मोकेश्वर वैष्णव ने अमिन वैष्णव के साथ बालिका का इलाज व जांच करने करजी चौक समीप स्थित वैष्णव क्लीनिक लेकर गई। जहां क्लीनिक संचालक ने बालिका की जांच कराने के पश्चात दो इंजेक्शन और टेबलेट व सिरप दिया। बीती रात खांसी आने पर बालिका सिरप पीने लगी तभी उसकी तबीयत और भी बिगड़ गई।

## 22 दिसंबर से हड़ताल पर रहेंगे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कोरिया के तत्वाधान में 28 नवंबर को बैकुंठपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश संयोजक कमल वर्मा के निर्देशानुसार संगठन की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 22 से 24 दिसंबर तक तीन दिवसीय अनिश्चित कालीन हड़ताल करने पर सर्वसम्मति बनी।

- **कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन कोरिया में तैयारियां की तेज**

फेडरेशन ने निर्णय लिया कि हड़ताल को सफल बनाने के लिए जिलेभर के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को संगठित किया जाएगा। विभिन्न संगठनों के जिलाध्यक्षों एवं पदाधिकारियों को हड़ताल के पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही फेडरेशन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वे जिले के दो ब्लॉकों में जाकर विभागीय कार्यालयों में कर्मचारियों से मुलाकात कर हड़ताल के समर्थन एवं सहभागिता के लिए अपील करें। बैठक में कई संगठनों ने हड़ताल के समर्थन का ऐलान किया तथा फेडरेशन पदाधिकारियों को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। बैठक में जिले के संरक्षक राजेन्द्र सिंह दद्दा, एसएस मिश्रा, डॉ. आरएस चंदे, विश्वास भगत, सुरेश एक्का, ब्रह्मानंद सिंह, रवि पाण्डेय, अजय पाण्डेय, कमलेश मारिक, महेन्द्र राजवाड़े, दीपक तिर्की, जमुना प्रसाद राजवाड़े, राघवेन्द्र तिवारी, अमृतांशु मिश्रा, वीरेन्द्र सिंह, विनोद मिश्रा, अरूण सिंह, प्रेमचंद गुप्ता सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### अंतर सर्विसेज वालीबॉल चैंपियनशिप सिकंदराबाद में निर्णायक होंगे बेग



**बिश्रामपुर।** सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड द्वारा 75 वीं अंतर सर्विसेज वालीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 1 से 5 दिसंबर सिकंदराबाद (तेलंगाना) में किया जा रहा है जिसमें सर्विसेज के अंतर्गत इंडियन नेवी,इंडियन फोर्स एवं इंडियन आर्मी के टीमें हिस्सा ले रही हैं,यह चैंपियनशिप भारत के सर्वश्रेष्ठ चैंपियनशिप में से एक है जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे,वालीबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा इस चैंपियनशिप के सफल संचालन हेतु भारत से दो रेफरी को नियुक्त किया गया है जिसमें सरगुजा संभाग के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल रेफरी सूरजपुर जिले के मोहम्मद गौस बेग का चयन किया गया है, जो छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे,इस चैंपियनशिप में इंडियन सर्विसेज टीम का गठन किया जाना है,सर्विसेज टीम इस वर्ष नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल एवं पिछले वर्षों में सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में भी गोल्ड एवं सिल्वर मेडल प्राप्त कर चुकी है, गौरतलब है कि वर्ष 2024 में वर्ल्ड मिलिट्री वालीबॉल चैंपियनशिप ईरान में भारत की सर्विसेज टीम ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया था,भारत की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में निर्णायक हेतु अंतर्राष्ट्रीय रेफरी गौस बेग के चयन होने पर छत्तीसगढ़ वालीबाल संघ के प्रमुख मोहम्मद अकरम खान,सचिव हेम प्रकाश नायक, छत्तीसगढ़ रेफरीज बोर्ड के चेयरमैन विनोद नायर एवं सूरजपुर वालीबाल संघ के अध्यक्ष अजय गोयल व सचिव राम श्रृंगार यादव ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### अस्पताल में शुरू हुई फिजियोथेरेपी सेवा, मरीजों को मिली बड़ी राहत

**रामानुजगंज।** नगर के लोगों के लिए एक बड़ी और राहत की खबर सामने आई है। जिला प्रशासन तथा विष्णु दित्य राज के विशेष प्रयासों से अब रामानुजगंज के 100 बिस्तर अस्पताल में फिजियोथेरेपी सेवा की शुरुआत हो गई है। इससे पहले यह सुविधा यहां उपलब्ध नहीं थी,जिस कारण मरीजों को इलाज के लिए अंबिकापुर या रायपुर जाना पड़ता था। अब स्थानीय स्तर पर ही फिजियोथेरेपी सुविधा शुरू होने से लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी। खास तौर पर बुजुर्गों, दुर्घटनाग्रस्त मरीजों, नसों की जकड़न, कमर दर्द, घुटनों के दर्द, सर्वाइकल, साइटिका और ठंड के मौसम में होने वाली जोड़ों की समस्याओं से जूझ रहे मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट विजय सिंह ने बताया कि फिजियोथेरेपी के माध्यम से दवाइयों के बिना भी कई प्रकार के दर्द और शारीरिक समस्याओं से राहत मिल सकती है। उन्होंने बताया कि नियमित थेरेपी से मरीजों की कार्यक्षमता बढ़ती है और वे जल्दी सामान्य जीवन में लौट पाते हैं। फिजियोथेरेपी इकाई प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक 100 बिस्तर अस्पताल परिसर में संचालित की जा रही है। मरीज मात्र 10 रुपये शुल्क की पर्ची बनवाकर यहां इलाज करा सकते हैं, जिससे यह सेवा आर्थिक रूप से भी सभी के लिए सुलभ बनी हुई है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल के लिए जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों सराहना करते हुए कहा कि यह सुविधा क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करेगी और जरूरतमंद मरीजों को अब दूर भटकना नहीं पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि आने वाले समय में इस सेवा का और विस्तार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

### एसईसीएल के अलग अलग खदानों के पंद्रह कोल कर्मी हुए सेवानिवृत्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के विभिन्न खदानों,कर्मशाला सहित अन्य जगहों में कार्यरत पंद्रह कोल कामगार आज रविवार 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो गए,सेवानिवृत्त हुए कोल कामगारों में बलरामपुर 10-12 खदान से रुदन,आनंद राम,बिंदेश्वर,उदय राम,लोक साय,बिश्रामपुर ओसी से राजेंद्र यादव,गायत्री खदान से नरेंद्र सिंह यादव, भुनेश्वर, रामबिलास, बिपिन बिहारी सिंह, कुमदा सब एरिया से रामस्वरूप साहू, बी अप्पा राव, एरिया हेड क्वार्टर से जैनुल आबेदीन,रीजनल वर्क शॉप से जयनाथ राम,सेंट्रल हॉस्पिटल से शकीला प्रवीण के नाम शामिल हैं।

### बाइक की टक्कर से बालिका की मौत, अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। घर के सामने खेल रही बालिका को बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई बालिका की अस्पताल में मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार रमकोला थाना अंतर्गत ग्राम घुई निवासी प्रिंस कुमार आ. मोहर साय (26 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 22 नवम्बर की शाम भांजी कुमारी लक्ष्मी घर के सामने अन्य बच्चों के साथ सड़क किनारे खेल रही थी। इसी दौरान रमकोला की ओर से आ रहे अज्ञात बाइक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। दुर्घटना में लक्ष्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन बालिका को रमकोला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर प्रतापपुर अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत बालिका को मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### अब दूर से ही दिखने लगा राष्ट्रीय पक्षी मोर

**बैकुण्ठपुर।** शहर के ओड़गी तिराहा का सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। तिराहा के तीनों ओर लोहे के रेलिंग लगाकर रंग-रोगन कर दिया गया है और बीच में राष्टीय पक्षी मोर बनाई गई है, जिसे अभी रंग-रोगन करना बाकी है। ओड़गी नाका तिराहे के बीच में बनाए गए राष्टीय पक्षी मोर के सामने ही यातायात जागरूकता का बोर्ड लगा था।

## वर्षों से गर्ल्स हायर सेकेण्डरी भवन के एक कमरे में हो रहा संचालित

# एसजीजीयू के शिक्षण विभागों का संचालन भकुरा परिसर के अधूरे भवनों में करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रारंभ से ही उधार के भवन में संचालित संत गहिरा गुरू विवि के शिक्षण विभागों को विवि के भकुरा परिसर एवं लम्बे समय से खाली पड़े पुराने भवन में स्थानांतरित करने की तैयारियां चल रही हैं। विवि प्रबंधन द्वारा भकुरा परिसर में निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन एवं पूर्ण हो चुके यूटीलिटी बिल्डिंग में स्थानांतरित करने की योजना पर आवश्यक सुधार कार्य कराए जा रहे हैं।

**खास बात**

- भवन में नहीं है मूलभूत सुविधाएं

वर्ष 2008 में संत गहिरा गुरू विवि की स्थापना के बाद गुरू घासीदास विवि द्वारा अम्बिकापुर परिसर में संचालित डी फार्मा एवं कम्प्यूटर साइंस संकाय को एसजीजीयू को सौंपा गया था। विवि ने इन्हीं दो संकायों से शिक्षण विभाग की शुरूआत की थी। कुछ समय बाद विवि द्वारा लखनपुर में दान में मिले एक भवन में इंजीनियरिंग कॉलेज का संचालन प्रारम्भ किया गया। वर्ष 2014 में तत्कालीन कुलपति प्रो.बीएल शर्मा की पहल पर यूटीडी अंतर्गत प्रयोजन मूलक हिन्दी, विधि, पर्यावरण विज्ञान, बायोटेक एवं फार्म एण्ड फार्मेसी विभाग का संचालन प्रारंभ किया गया। इंजीनियरिंग कॉलेज को छोड़कर किसी भी संकाय का अपना भवन नहीं होने के कारण वर्षों तक विभागों का संचालन अलग-अलग शासकीय भवनों में होता रहा। विभाग एक भवन से दूसरे भवन में घूमते रहे। इंजीनियरिंग कॉलेज के संचालन में लापरवाही बरतने का आरोप लगा विद्यार्थियों द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन करने पर शासन उसे स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के अधीन कर दिया। अब इंजीनियरिंग कॉलेज को शासकीय महाविद्यालय की मान्यता प्रदान की गई है। प्रतीक्षा बस स्टैण्ड के निकट शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल का भवन तैयार होने के बाद सभी शिक्षण विभागों का संचालन इसी भवन में किया जा रहा है। इस भवन के एक-एक कमरे में शिक्षण विभागों का संचालन वर्षों से किया जा रहा है।

गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण भवन का पूरा फर्श उखड़ गया है। भवन में पानी सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी नहीं है। मूलभूत सुविधाओं सहित अन्य कारणों से शैक्षणिक विभागों में अभी तक शैक्षणिक वातावरण तक तैयार नहीं हो सका है। शैक्षणिक विभागों को उच्च शिक्षण संस्थान बनाने की दिशा में विवि के अधिकारियों ने कभी कोशिश भी नहीं की। अब सभी शिक्षण विभागों को विवि के भकुरा परिसर में संचालित करने की तैयारियां की जा रही हैं ताकि बेहतर ढंग से इनका संचालन हो सके।



यूटीडी के लिए तैयार भकुरा परिसर स्थित यूटीलीटी बिल्डिंग।





शैक्षणिक विभाग का जर्जर भवन।

### पुराने भवन में चलेगा फार्मेसी विभाग

विवि शिक्षण विभाग अंतर्गत संचालित फार्मेसी विभाग द्वारा डी फार्मा एवं बी फार्मा पाठ्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। चार वर्षीय बी फार्मा में 120 जबकि डी फार्मा में 60 विद्यार्थी अध्ययनरत है। विभाग के पास प्रयोगशाला के सभी आवश्यक उपकरण एवं लाइब्रेरी में पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध हैं लेकिन जगह की कमी होने के कारण विद्यार्थियों को कभी इसका लाभ नहीं मिल पाया। विभाग द्वारा प्रायोगिक कार्य के नाम पर वर्षों तक सिर्फ खानापूर्ति की गई। अब विवि के पुराने भवन को फार्मेसी विभाग को सौंपा गया है। पुराने भवन स्थित परीक्षा एवं गोपनीय शाखा में बी फार्मा एवं डी फार्मा की कक्षाएं संचालित होंगी वहीं कुलपति कार्यालय भवन में लाइब्रेरी एवं सेंट्रल बैंक के प्रथम मंजिल में लैब का संचालन किया जाएगा। विवि के पुराने भवन में पर्याप्त जगह उपलब्ध होने के कारण छात्र-छात्राओं को अब सारी सुविधाएं मिलेंगी।

### भकुरा परिसर में स्थानांतरित होंगे 6 विभाग

शासन द्वारा वर्ष 2018 में एसजीजीयू के प्रशासनिक भवन सहित अन्य अकादमिक एवं आवासीय भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी लेकिन अब तक मात्र तीन भवनों का ही निर्माण पूरा हो सका है। अधूरे भवनों में अकादमिक भवन भी शामिल है जबकि यूटिलिटी भवन का निर्माण पूरा हो चुका है। प्रशासनिक भवन के भूतल एवं प्रथम मंजिल का निर्माण पूरा हो चुका है। अधिकारियों ने यूटिलिटी बिल्डिंग एवं अधूरे प्रशासनिक भवन में आवश्यक सुधार कर यूटीडी के अन्य सभी 6 विभागों का संचालन करने का निर्णय लिया है। विवि प्रबंधन द्वारा भवनों का तेजी से सुधार किया जा रहा है।

### चल रही तैयारियां

यूटीडी अंतर्गत संचालित विभागों के पुराने विवि भवन एवं भकुरा परिसर के पूर्ण एवं अधूरे भवनों में स्थानांतरित करने की तैयारियां चल रही हैं। विवि द्वारा भवनों में जरूरत के अनुसार सुधार कार्य कराया जा रहा है। अध्यापकों एवं विद्यार्थियों के आवागमन के लिए एक अतिरिक्त बस की भी व्यवस्था की गई है। सुधार कार्य पूरा होते ही नए भवनों में विभागों का संचालन प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू

# तापमान के पारा में 2 डिग्री की वृद्धि, ठंड से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान दित्वाह की सक्रियता से आसमान पर बादलों की आवाजाही शुरू हो गयी है। तूफान के प्रभाव से पिछले तीन दिनों से पारा में लगातार वृद्धि हो रही है जिसके कारण ठंड से कुछ राहत है। मौसम विज्ञानी आगामी 2-3 दिनों तक ठंड से राहत रहने एवं तूफान का प्रभाव खत्म होते ही फिर से कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

- चक्रवाती तूफान के कमजोर पड़ते ही होगी ठंड की वापसी

उत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से शहर सहित पूरा सरगुजा संभाग शीतलहर के प्रकोप से जूझ रहा था। सर्द हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट हो रही थी तथा गुरूवार को पारा 6.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। शुक्रवार को खाड़ी से सक्रिय चक्रवाती तूफान दित्वाह के प्रभाव से पारा में वृद्धि होने से ठंड से कुछ राहत मिली है। उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है। कमजोर होने के कारण विक्षोभ का खास प्रभाव नहीं पड़ा है तथा उत्तर भारत का आसमान होने के कारण सर्द हवाओं का प्रवाह अभी भी जारी है। रविवार को आसमान पर हल्के बादल छाने के साथ उत्तर की सर्द हवाओं के झोंके आते रहे। सर्द हवाओं के प्रभाव से रविवार को तापमान 0.5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विज्ञानी चक्रवाती तूफान का प्रभाव खत्म होने के बाद एक बार फिर ठंड की वापसी होने तथा कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम अधिकारी के अनुसार 2 दिसम्बर को चक्रवाती तूफान के कमजोर पड़ने की संभावना है। इधर तूफान के प्रभाव से आगामी 2-3 दिनों तक पारा में वृद्धि होने तथा न्यूनतम तापमान 10.0 डिग्री के आसपास रहने के कारण ठंड से राहत रहने की संभावना है। तूफान के प्रभाव से वातावरण में मौजूद नमी के सूखने के बाद एक बार फिर पारा में गिरावट होने तथा कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। फिलहाल खाड़ी में कोई दूसरा सिस्टम नहीं है। ऐसे में तूफान का प्रभाव खत्म होते ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है। लम्बे अर्से बाद इस बार नवम्बर में कड़ाके की ठंड पड़ी है।

सरगुजा में सामान्यतया दिसम्बर में ठंड अपना असर दिखाती है। मौसम विज्ञानी दिसम्बर में भी जबरदस्त ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। इसके पूर्व वर्ष 1996 एवं 1970 के नवम्बर में भीषण ठंड पड़ी थी। इस बार नवम्बर के प्रारम्भिक तीन दिनों को छोड़कर लगातार 27 दिनों तक न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहा। उत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से सुबह-शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

## पेज 1 के शेष...

### कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक को तीन वर्ष का...

रिश्वत लेने को राजी हो गया। शिकायत के सत्यापन उपरांत 30 मई को फिर से अपॉइंटमेंट मिलने पर सभी पासपोर्ट हेतु दस्तावेज सत्यापन के लिए पहुंचे जहां एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक संकट मोचन राय को इसरार हुसैन से 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। इस मामले में एसीबी की टीम ने 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, (यथा संशोधन 2018) के विरूद्ध अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया था। इसके साथ ही प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के कोर्ट में चल रही थी। 29 नवम्बर को विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) अम्बिकापुर द्वारा आरोपी कनिष्ठ पासपोर्ट सहायक संकट मोचन राय अम्बिकापुर को धारा-7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, (यथा संशोधन 2018) के अपराध में दोष सिद्ध करते हुए 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

### मानकों को दरकिनार...

जा रहा है और सरिया का उपयोग भी नाम मात्र के लिए हो रहा है। पुलिया निर्माण के लिए नियमानुसार नींव भी नहीं खोदा गया है ऐसे में बारिश के समय यदि बाढ़ आती है तो पुलिया का टिक पाना संभव नहीं है। इतना ही नहीं जिस स्थान पर नई पुलिया का निर्माण किया गया है वह भी सड़क इंजीनियरिंग के हिसाब से बिल्कुल गलत है क्योंकि इस पुलिया निर्माण के बाद यहां खतरनाक अंधा मोड़ बन रहा है। जिससे आने वाले दिनों में बड़ा हादसा भी हो सकता है। इतना ही नहीं अधिकारी भी मौके का निरीक्षण करने के बदले घर बैठे ही मूल्यांकन करने में व्यस्त है।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह नवंबर 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह नवंबर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 दिसंबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर



## अस्मिता महिला लीग में बालिकाओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**अंबिकापुर।** खेलो इंडिया एवं भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के तत्वाधान में अस्मिता वूमेंस लीग सॉफ्ट टेनिस 2025 का आयोजन 30 नवंबर को गांधी स्टेडियम स्थित लॉन टेनिस ग्राउंड में किया गया। कार्यक्रम में जिपं सदस्य दिव्या सिंह सिसोदिया, भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री इंजी. सोमनाथ सिंह, एमआईसी मेंबर प्रियंका गुप्ता, वरिष्ठ महिला भाजपा नेता शकुंतला पांडे और अरुण सिंह उपस्थित रहे। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा जिला में पहली बार सॉफ्ट टेनिस खेल की महिला लीग का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में कुल 162 महिला खिलाड़ियों ने पंजीयन कर तीन वर्गों में भाग लिया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग प्रथम प्रियंका, द्वितीय प्रमिला, तृतीय प्रज्ञा एवं रिविका, सब जूनियर वर्ग में प्रथम श्रेया, द्वितीय गैसु, तृतीय निर्झर व राजधानी और जूनियर वर्ग में प्रथम नीलम, द्वितीय श्रेया, तृतीय शबनम एवं अनम रही। अस्मिता वूमेंस लीग, खेलो इंडिया एवं साई की एक विशेष महिला-केंद्रित पहल है, जिसका उद्देश्य देश की बालिकाओं एवं महिला खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच प्रदान करना है। यह पहल महिलाओं की खेल प्रतिभा को पहचानने, उन्हें प्रशिक्षण, अवसर एवं सुरक्षित प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान पर्यवेक्षक के रूप में रवि शंकर धनगर, दिलीप कुमार विश्वकर्मा के साथ ही मुख्य रूप से रजत सिंह, इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस बालिका खिलाड़ी रिमा राय, राष्ट्रीय मेडलिस्ट चंचल सारथी एवं पूर्णिमा प्रतिकार, रागिनी अगरिया मौजूद रहे।

# विधायक पैकरा ने सुनी ग्रामीणों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



सोनपुर ग्राम पंचायत के सुदूर आदिवासी अंचल के बरपानी, डोंगीपानी एवं आसानपानी ग्राम में पहुंच कर सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सूनी। साथ ही ग्रामीणों की मांग पर बरपानी में बोर खनन मशीन की पूजा अर्चना करते हुए बोर खनन के कार्य शुरू करवाया। गांव में बोर खनन शुरू होने से ग्रामीण काफी खुश नजर आए।

विधायक ने एक दिवसीय भेंट मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री जन मन ग्रामीण सड़क योजना के तहत आदिवासी सुदूर अंचल में सड़क निर्माण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए सड़क निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से आदिवासी सुदूर अंचल में गुणवत्ता युक्त सड़क बनाने की बात कही। ग्राम पंचायत सोनपुर, धनेशपुर , आसानपानी , डोंगी पानी , घुंघरू पाठ में लगभग सभी जगह झारखंड सीमा तक प्रधान मंत्री जन मन ग्रामीण सड़क योजना के तहत पक्की सड़क का निर्माण किया जा रहा है जिससे ग्रामीण काफी खुश है। मुख्य कार्यपालन अभियंता गोपाल सिंह सिदार ने ग्रामीण से चर्चा दौरान बताया गया कि जितने भी सामरी विधानसभा क्षेत्र में प्रधान मंत्री जन मन ग्रामीण सड़क योजना का कार्य कराया जा रहा है यह शासन द्वारा स्वीकृत किए गए प्राक्कलन के अनुसार गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विभाग के उपयंत्री एसडीओ मौके पर हमेशा तैनात रहते है जिनकी उपस्थिति में निर्माण कराया जाता है। ऐसे क्षेत्रों में निरीक्षण करने के लिए आवागमन होते रहता है। पांच वर्ष के अंतराल में इस सड़क में किसी भी प्रकार की टूट फूट होती है तो विभाग की देख रेख में ठेकेदार द्वारा इसका मरम्मत कराया जाएगा। विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने सोनपुर, धनेशपुर, हंसपुर पंचायत के डोंगी पानी, घुंघरू पाठ में ग्रामीणों को बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार सभी जगह जहां कोरवा जनजाति ,आदिवासी जनजाति समुदाय सहित अन्य समुदाय के जाति पहाड़ी इलाकों में निवासरत है वहां तक सड़क, बिजली, पानी, स्कूल भवन सहित सभी प्रकार की मूलभूत सुविधा केंद्र उपलब्ध कराई जा रही है। ग्राम पंचायत हंसपुर के डोंगी पानी में ग्रामीणों ने पेयजल, आंगनबाड़ी भवन का आहता निर्माण कराने की मांग करते हुए डोंगी पानी को राजस्व ग्राम घोषित कराए जाने की मांग की जिस पर विधायक ने विचार करते हुए समय अनुसार सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान बसंती भगत, लक्ष्मण सिंह पैकरा, गोपाल सिंह सिदार, आरके तिर्की, राकेश भारती, देव साय भगत, राजेश्वर यादव, बालों बाई, भगवती सोनवानी, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, मुरली राम सहित अन्य उपस्थित थे।

# एसआईआर प्रक्रिया से बिश्रामपुर के अस्तित्व पर खतरा, छिन सकता है नगर पंचायत का दर्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर पंचायत बिश्रामपुर के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह, अधिकारी कर्मचारी व कार्यकर्ताओं के साथ एसआईआर की खुद मॉनिटरिंग कर रहे हैं हैं,लोगों के द्वारा गणना पत्रक के भरकर वापसी जमा अनुपात की संख्या कम होने से जनप्रतिनिधियों समेत लोगों की चिंता बढ़ गई है।

- वितरित किए गए गणना पत्रक के वापसी जमा प्राप्ति की तुलनात्मक संख्या कम होने से जनप्रतिनिधियों की चिंता बढ़ी
- गुजरते समय के साथ कई कोलकर्मी रिटायरमेंट के बाद दूसरे प्रांतो में वापस लौटे, यहां ज्यादातर कब्जाधारी रह रहे

गौरतलब है कि 6 मार्च 2003 को शासन ने इस इलाके को तेजी से विकसित होते कोल क्षेत्र के मॉडल टाउन के रूप में देखते हुए इसे नगर पंचायत का दर्जा दिया था, लेकिन दो दशक बाद तस्वीर यहां पूरी तरह बदल चुकी है और यह बदलाव इतना तेज और अप्रत्याशित है कि नगर पंचायत का अस्तित्व ही सवालों के घेरे में आ गया है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत बिश्रामपुर से नगर पंचायत बनाने के पीछे इस क्षेत्र की औद्योगिक व जनसंख्या वृद्धि,एसईसीएल की विशाल कॉलोनियों का विस्तार, कोल कर्मियों के लिए बेहतर शहरी सुविधाएं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना था,लेकिन बीते समय के साथ लगातार कोल कर्मियों के रिटायरमेंट के बाद वे दूसरे प्रांतों स्थित अपने पैतृक गांव को लौट गये, जिस कारण आज यह पूरा इलाका तेजी से खाली होता जा रहा है,बताया जा रहा है कि वर्तमान में नगर पंचायत क्षेत्र में वर्तमान मतदाता संख्या 9730 है,लेकिन ग्राउंड रिपोर्ट कहती है कि बड़ी संख्या में मूल निवासी सेवानिवृत्ति के बाद अपने गांव-घर लौट चुके हैं,अब अनेक क्वार्टर खाली पड़े हैं या बाहर के लोगों ने क्वाटरों में अवैध रूप से कब्ज़ा किया हूआ है,ज्यादातर कब्ज़ा किये हुए बाहरी लोग नगर पंचायत की प्रक्रियाओं में शामिल होने को तैयार नहीं दिख रहे हैं,यही वजह है कि एसआईआर के दौरान वास्तविक संख्या की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है,गौरतलब है कि 2003 की मतदाता सूची में शामिल अधिकांश लोग अब यहां रह ही नहीं रहे हैं,कई संख्या में परिवार हमेशा के लिए दूसरे प्रांतों या अन्य जिलों में बस गए,कई क्वार्टरों में आज पूरी तरह नई आबादी निवास कर रही है,ऐसे में 2003 की सूची का उपयोग नगर पंचायत की जनसंख्या को आधिकारिक तौर पर बहुत कम दिखा देगा,जो इसके अस्तित्व के लिए खतरा बना हूआ है,नगर पंचायत बिश्रामपुर के अस्तित्व को बचाने के लिए नगर पंचायत बिश्रामपुर के अधिकारी कर्मचारी के अलावा प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।



इसी तारतम्य में रविवार को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने नगर पंचायत बिश्रामपुर के शासकीय आजाक कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, चोपड़ा कालोनी स्थित बूथ व नगर पंचायत बिश्रामपुर कार्यालय में पहुंचकर एसआईआर के कार्यों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं,बताया गया कि बिश्रामपुर नगर पंचायत क्षेत्र में जितने गणना पत्रक वितरण किए गए हैं,उनमें अधिकांश लोगों द्वारा आज तक अपने प्रपत्र को जमा नहीं किया गया है,बिश्रामपुर नगर पंचायत में एसईसीएल कालोनियों का बड़ा हिस्सा शामिल है लेकिन अब अधिकांश क्वार्टरों में बाहरी लोग रह रहे हैं,न तो वे स्थायी मतदाता हैं, न ही नगर पंचायत की प्रक्रियाओं में शामिल होना चाहते हैं और न ही दस्तावेजी औपचारिकताओं में उनकी रुचि है,इससे वास्तविक जनसंख्या का आंकड़ा बहुत कम होता दिख रहा है,ऐसी स्थिति में एसआईआर में जनसंख्या अगर कम पाई तो नगर पंचायत अयोग्य हो सकती है एवं बिश्रामपुर नगर पंचायत का दर्जा हट सकता है।

इस दौरान प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी, मंडल अध्यक्ष कैलाश सिरदार, पूर्व मंडल अध्यक्ष लीलू गुप्ता, नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, सतीश तिवारी, भगवान मिश्रा, शंकर यादव, दीना सिंह, सीएमओ सुशील कुमार तिवारी व अन्य उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

